भारतीय गेंदबाज काफी अनुभवी है और उन्हें (नई गेंद हाथ में आने पर) बहकना नहीं चाहिए। हम सभी जानते हैं कि 10 से 15 ओवर तक गेंद स्विंग करती है इसलिए एक तेज गेंदबाज के रूप में पहले 10 से 15 ओवर में अतिरिक्त रन नहीं लुटाएं।

- वसीम अकरम

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर, डब्लूटीसी फाइनल को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **ज्लाटन इब्राहिमोविच**

एसी मिलान के अनुभवी फारवर्ड ज्लाटन इब्राहिमोविच ने तुरंत प्रभाव से फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इब्राहिमोविच का मौजूदा सत्र के बाद सिरी ए क्लब एसी मिलान के साथ अनुबंध समाप्त हो रहा था। मिलान की टीम पहले ही कह चुकी थी कि हेलास वेरोना के खिलाफ मैच के बाद स्वीडन के 41 साल के इब्राहमोविच को विदाई देने के लिए विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा। इब्राहिमोविच ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में खुलासा किया कि उनके संन्यास लेने की खबर की किसी को जानकारी नहीं थी।

क्या आप जानते हैं ?... सबसे कम टेस्ट मैचों में 3000 रन बनाने और 350 विकेट लेने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के इमरान खान के नाम है। इमरान ने मात्र 79 टेस्टों में 3262 रन बनाए व 351 विकेट लिये।

भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराया

काकामिगहारा, 5 जून। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला जूनियर एशिया कप 2023 के अपने दूसरे मैच में मलेशिया को 2-1 से हरा दिया। डियान नाज़ेरी (छठा मिनट) ने मलेशिया के लिये पहला गोल किया, लेकिन मुमताज खान (10वां) और दीपिका (26वां मिनट) के एक-एक गोल से भारत ने जीत हासिल करते हुए पूल-ए के शीर्ष पर जगह बना ली। मलेशिया ने जहां गेंद पर कब्जा रखने पर ध्यान केंद्रित किया, वहीं भारत पहले मिनट से आक्रमण करता नजर आया। इससे उन्हें पहले क्वार्टर में कुछ पेनल्टी कॉर्नर भी मिले, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके। मलेशिया ने खेल के कुछ ही मिनटों में जवाबी हमला करना शुरू कर दिया, और भारतीय डी में खड़ी नाज़ेरी ने फील्ड गोल जमाकर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। मुमताज ने हालांकि चार मिनट बाद ही पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील किया और पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। बढ़त लेने के लिये तत्पर भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में पूरी ताकत झोंक दी। उनकी यह योजना जल्द ही कारगर साबित हुई। दीपिका ने 26वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक जीता और इसे गोल में बदलते हुए अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारतीय लड़कियों ने बढ़त का विस्तार करने के लिये आक्रमण करना जारी रखा लेकिन दूसरे क्वार्टर में कोई और गोल नहीं हो सका।

स्पेशल ओलंपिक के लिये 12 को रवान होगी भारतीय टीम

नयी दिल्ली, 5 जून। स्पेशल ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेल 2023 में हिस्सा लेने के लिये 198 खिलाड़ियों की भारतीय टीम 12 जून को जर्मनी के बर्लिन के लिए रवाना होगी। स्पेशल ओलंपिक (एसओ) भारत एक ट्रस्ट हो जिसने सोमवार को इसकी घोषणा की। एसओ भारत ने बताया कि भारतीय जत्थे का विदाई समारोह आठ जून को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल दुनिया का सबसे बड़ा समावेशी खेल आयोजन है जो बौद्धिक रूप से अक्षम लोगों की पहचान को बढ़ावा देने वाला एक रंगीन उत्सव होगा। बर्लिन 26 खेलों में भाग लेने के लिये आये 190 देशों के 7000 एथलीटों और एकीकृत भागीदारों का स्वागत करेगा। भारत की ओर से 198 एथलीट एवं एकीकृत भागीदार और 57 कोच 16 खेलों में भाग लेने के लिये बर्लिन पहुंचेंगे। एसओ भारत के आयोजन भागीदार निलय वर्मा ने बताया कि गुरुवार को होने वाले विदाई समारोह से पहले टॉर्च रन पूरी की जायेगी। एसओ भारत की मशाल पूरे देश से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी और इसे नेहरू स्टेडियम के अंदरूनी हिस्से में घुमाया जायेगा। इसके बाद खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की उपस्थिति में विदाई समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, बॉलिवुड गायक सोनू निगम और पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह उपस्थित रहेंगे।

टीम के साथियों ने कहा, भारत में सफलता के बाद ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में ग्रीन का प्रभाव बढ़ेगा

लंदन, 5 जून। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के साथी खिलाड़ी उनकी मैच का रुख बदलने की क्षमता से अच्छी तरह वाकिफ हैं और उनका मानना है कि पिछले चार महीने में भारतीय उपमहाद्वीप में सफलता के बाद ड्रेसिंग रूम में उनका अलग प्रभाव होगा। ग्रीन ने इस साल भारत के अपने पहले टेस्ट दौरे पर अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा। उन्होंने मार्च में अहमदाबाद में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में 143 गेंद में 114 रन की पारी खेली। ग्रीन ने इस प्रभावी फॉर्म को आईपीएल में भी बरकरार रखते हुए मुंबई इंडियन्स की ओर से 16 पारियों में 160 के स्ट्राइक रेट से 452 रन बनाए जिसमें 47 गेंद में जड़ा शतक भी शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के सीनियर ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने कहा, ''अहमदाबाद में शतक जड़ने और आईपीएल का हिस्सा होने के बाद निश्चित तौर पर उनकी (ग्रीन) टीम में मौजूदगी के मायने बदल गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''उसका आत्मविश्वास बढ़ा है। मुझे लगता है कि यह आईपीएल में खेलने और रोहित शर्मा (मुंबई इंडियन्स और भारत के टेस्ट कप्तान) तथा साथी खिलाड़ियों के साथ खेलने और उनसे सीखने का असर है।' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल द ओवल में बुधवार से खेला जाएगा। अहमदाबाद में भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 208 रन की साझेदारी करने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि इस पारी ने इस ऑलराउंडर को पूरी तरह से बदल दिया।

बीएआई ने आयु धोखाधड़ी से निपटने के लिए सुधार योजना लागू की

मुंबई, 5 जून। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) आयु संबंधी धोखाधड़ी से निपटने के लिए सुधार योजना को लागू किया जिसमें खिलाड़ियों को अपनी सही उम्र बताने का एक मौका दिया जायेगा। इसके बाद उसके द्वारा स्वीकृत टूर्नामेंट में दोषी पाए गए खिलाड़ियों के खिलाफ कड़े कदम उठाये जायेंगे। बीएआई की 'स्वैच्छिक आयु सुधार योजना (वीएआरएस)' उन पंजीकृत खिलाड़ियों के लिए है जिनके पास मौजूदा समय में बीएआई का पहचान पत्र है, लेकिन उसमें जन्मतिथि गलत है या उम्र को लेकर कोई विसंगति हैं। बीएआई ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस योजना के तहत पंजीकृत खिलाड़ी 20 दिन की अवधि के अंदर अपनी जन्मतिथि और उम्र में सुधार कर सकेंगे। यह योजना छह जून से शुरू होकर 25 जून तक चलेगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, संघ ने हाल की आयु संबंधी धोखाधड़ी की शिकायतों और धोखाधड़ी के मामलों को गंभीरता से लिया है।

इंग्लैंड में बल्लेबाजों के लिये अनुशासन जरूरी : रोहित शर्मा

लंदन, 5 जून। इंग्लैंड की परिस्थितियां भले ही बल्लेबाजों के लिये मुश्किल हो सकती हैं, लेकिन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि अगर एक बल्लेबाज पर्याप्त अनुशासन दिखाये तो वह इन परिस्थितियों में सफलता हासिल कर सकता है।

रोहित शर्मा ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम पर कहा, इंग्लैंड में परिस्थितियां आम तौर पर बल्लेबाजों के लिये काफी चुनौतीपूर्ण होती हैं, लेकिन जब तक आप अनुशासन दिखाने के लिये तैयार हैं, आपको एक बल्लेबाज के रूप में कुछ सफलता मिल सकती है।

रोहित की टीम यहां द ओवल मैदान पर बुधवार से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। रोहित ने इस मैदान पर इससे पहले सिर्फ एक टेस्ट मैच खेला है, जहां उन्होंने 127 रन की शतकीय पारी खेलकर इंग्लैंड पर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। रोहित ने कहा, मैंने यहां (2021 में) बल्लेबाजी करते हुए यह महसूस किया कि आप कभी भी सेट नहीं होते, क्योंकि मौसम लगातार बदलता रहता है। इसलिए आपको लंबे समय तक ध्यान केंद्रित रखना होता है और यही इस प्रारूप की चुनौती है।आपको यह एहसास हो जायेगा कि गेंदबाज पर कब हावी होना है। आपको उस मौके के लिये तैयार रहना होगा। सबसे ज़रूरी, आपको वहां पिच पर मौजूद रहना होगा।

रोहित ने कहा, यह बल्लेबाजी के लिये सबसे अनुकूल विकेटों में से एक है। आपको अपने शॉट का अच्छा प्रतिफल मिलता है। दाईं और बाईं ओर बाउंड्री काफी तेज है। इसलिये आपको बस अपने आपको पूरा-पूरा मौका देना है, यानी लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

भारत से खिताबी मैच में भिड़ने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम पांच मैचों की एशेज़ टेस्ट शृंखला में इंग्लैंड का सामना करेगी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि वह अपने लंबे दौरे को ध्यान में रखते हुए अभ्यास में ज्यादा जान नहीं झोंक रहे।

कमिंस ने कहा, हम कोशिश करते हैं कि मौका मिलने पर ब्रेक ले लें। मैंने हमेशा कहा है कि हमें ऑस्ट्रेलिया में छह टेस्ट मैच मिले हैं। अगले दो महीनों में, मैं अत्यधिक काम करने के बजाय थोड़ा कम काम करना पसंद करूंगा। यह एक गेंदबाज के दृष्टिकोण से है। मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि तैयार होने में बहुत अधिक समय नहीं लगता। मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मैं मैचों के लिये शारीरिक रूप से तरोताजा रहूं। उन्होंने कहा, जाहिर तौर अपने देश में हमने बहुत प्रशिक्षण लिया। पूरी टीम यहां पहुंच चुकी है। हमने अच्छी तैयारी की है, सब तरोताज़ा हैं और मुकाबले में उतरने के लिये उत्सुक हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल का सीधा प्रसारण बुधवार से स्टार स्पोर्ट्स और हॉटस्टार पर उपलब्ध होगा।

रेलवे की नौकरी पर लौटे पहलवान, जारी रहेगा आंदोलन

नयी दिल्ली, 5 जून। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवान बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट उत्तर रेलवे में अपनी-अपनी नौकरी पर लौट आये हैं। उत्तर रेलवे ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने एक बयान में कहा कि पहलवानों ने 30 और 31 मई को खेल विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के तौर पर अपनी ज़िम्मेदारी संभाल ली है। इसी बीच, साक्षी ने कहा कि बृजभूषण के खिलाफ उनका आंदोलन जारी रहेगा और वह सत्याग्रह के साथ-साथ रेलवे में अपनी जिम्मेदारी बखूबी संभालेंगी।

साक्षी ने आंदोलन से पीछे हटने की भ्रामक खबरों का खंडन करते हुए ट्वीट किया, यह खबर बिलकुल ग़लत है। इंसाफ़ की लड़ाई में न हम में से कोई पीछे हटा है, न हटेगा। सत्याग्रह के साथ-साथ रेलवे में अपनी ज़िम्मेदारी निभा रही हूं। इंसाफ़ मिलने तक हमारी लड़ाई जारी है। कृपया कोई ग़लत खबर ना चलाई जाए। बजरंग ने ट्वीट किया, आंदोलन वापस लेने की खबरें कोरी अफ़वाह हैं। ये खबरें हमें नुक़सान पहुंचाने के लिए फैलाई जा रही हैं। हम न पीछे हटे हैं और न ही हमने आंदोलन वापस लिया है। महिला पहलवानों की एफ़आईआर उठाने की खबर भी झूठी है। इंसाफ़ मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि ओलंपिक मेडलिस्ट पूनिया, साक्षी और एशियाई चैंपियन विनेश फोगाट बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों को यौन शोषण का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं, जिनमें से एक पॉक्सो (यौन अपराधों से नाबालिगों का संरक्षण) से संबंधित है। कैसरगंज से भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण हालांकि अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं।

आईपीएल में मिला अभ्यास भारत के काम आयेगा : रवि शास्त्री

लंदन, 5 जून। भारत के पूर्व कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री का कहना है कि द ओवल मैदान की पिच भले ही ऑस्ट्रेलिया के लिये ज्यादा अनुकूल है, लेकिन हाल ही में आईपीएल पूरा करके आई भारतीय टीम मैच अभ्यास के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये ज्यादा तैयार है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया बुधवार से होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में आमने-सामने होंगे। खिताबी मुकाबले से पहले अधिकतर भारतीय खिलाड़ी जहां आईपीएल खेलकर आ रहे हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया के अधिकतर खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया था। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले शास्त्री, रिकी पॉन्टिंग और वसीम अकरम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के एक कार्यक्रम 'आफ्टरनून विद टेस्ट लिजेंड्स' में मैच को लेकर चर्चा की।

बतौर कोच भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल 2021 तक ले जाने वाले शास्त्री ने कहा, मैं कहूंगा कि अगर आप तेज गेंदबाजी आक्रमण को देखें, अगर बुमराह होते तो मोहम्मद शमी, बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ (मुकाबला) बराबरी का होता। लेकिन स्टार्क, कमिंस के साथ ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण (ज्यादा मजबूत है)। हो सकता है कि मैच फिटनेस से कुछ फर्क पड़े।

उन्होंने कहा, हालिया क्रिकेट अभ्यास की जरूरत है। पांच दिनों तक छह घंटे मैदान में रहना हर दिन दो घंटे नेट पर गेंदबाजी करने से अलग है। शमी महत्वपूर्ण हो सकते हैं क्योंकि वह काफी क्रिकेट खेल रहे हैं।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भी शास्त्री से सहमति जताई। उन्होंने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर मैं मैच अभ्यास पसंद करता हूं। इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैंने कौनसा प्रारूप खेल रहा हूं। आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में खेलना (न खेलने से) बेहतर है।

ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप जिताने वाले कप्तान रिकी पॉन्टिंग हालांकि कोई स्पष्ट राय रखने से बचते नज़र आये। पॉन्टिंग ने कहा, कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने न तो कुछ किया है और न ही कुछ खेला है। तरोताज़ा होकर आना, क्या यह बेहतर है? या थोड़ा थका हुआ होने लेकिन बहुत सारा क्रिकेट अभ्यास होना, यह बेहतर है?

भारत दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेल रहा है, जबकि 2021 में खिताबी मुकाबले में उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार मिली थी। भारतीय टीम के तत्कालीन कोच शास्त्री ने कहा कि बीते दो सालों में परिस्थितियां काफी बदल चुकी हैं।

उन्होंने कहा, जब आप जीत नहीं पाते तो दुख होता है, लेकिन अगर मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो उस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की तुलना में परिस्थितियां बिल्कुल अलग हैं। उस समय कोविड-19 और क्वारंटाइन था। यह खिलाड़ियों के लिए कठिन था, 14 दिन कमरे में बंद रहना और फिर सात दिन अभ्यास करना। यहां दोनों टीमों के पास तैयारी के लिये समय है और यह एक अच्छी प्रतियोगिता होगी।

ग्लोबल शतरंज लीग ने छह फ्रेंचाइजी टीमें घोषित की

नयी दिल्ली, 5 जून। ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) ने सोमवार को अपनी छह टीमें घोषित की जो दुबई में 21 जून से दो जुलाई तक होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रैपिड प्रारूप में दोहरे राउंड रोबिन आधार पर खेली जाएगी। इस तरह से प्रत्येक टीम कम से कम 10 मैच खेलेगी। जीसीएल में पुरुष, महिला और अंडर 21 खिलाड़ी एक टीम के रूप में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

जीसीएल के फ्रेंचाइजी मालिक और उनकी टीम इस प्रकार हैं: यू स्पोर्ट्स (अपग्रेड मुंबा मास्टर्स), इंश्योरकोट स्पोर्ट्स (गंगा ग्रैंडमास्टर्स), पुनीत बालन ग्रुप (बालन अलास्कन नाइट्स), त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स), चिंगारी ऐप (चिंगारी गल्फ टाइटन्स) और एसजी स्पोर्ट्स (एसजी एल्पाइन वॉरियर्स)। विश्वनाथन आनंद, डिंग लिरेन, मैग्नस कार्लसन, इयान नेपोमनियात्ची, होउ यिफान और कैटरीना लाग्नो सहित दुनिया के प्रमुख खिलाड़ी लीग में भाग लेंगे।

धनुष श्रीकांत ने सुहल जूनियर विश्व कप में भारत को तीसरा स्वर्ण दिलाया

सुहल (जर्मनी), 5 जून। धनुष श्रीकांत ने सोमवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में जीत दर्ज करके भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। धनुष ने 24 शॉट के फाइनल में 249.4 का स्कोर करके स्वीडन के रजत पदक विजेता पोंटस कालिन को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे ने कांस्य पदक जीता। भारत ने स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। हरमेहर लैली और संजना सूद ने शूटऑफ में स्वीडन के डेविड जानसन और फ़ेलिशिया रोस को हराकर भारत को यह पदक दिलाया। भारत अब पदक तालिका में तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य के साथ शीर्ष पर है। अमेरिका दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल भारत के तीन निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। धनुष क्वालिफिकेशन में 628.4 अंक बनाकर छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे। प्रथम भड़ाना ने 628.7 अंक बनाए और वह क्वालिफिकेशन में धनुष से आगे पांचवें स्थान पर रहे। रविवार को एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले अभिनव साव ने 626.7 अंक बनाए और उन्होंने आठवें नंबर पर रहकर फाइनल में जगह बनाई। अभिनव हालांकि फाइनल में सातवें स्थान पर रहकर बाहर हो गए जबकि प्रथम चौथे स्थान पर रहे। धनुष ने फाइनल में शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया तथा लगातार बढ़त बनाए रखी और अपने किसी भी प्रतिद्वंदी को मौका नहीं दिया। स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में हरमेहर और संजना के अलावा रितु राज बुंदेला और रायजा ढिल्लन ने भी हिस्सा लिया लेकिन यह भारतीय जोड़ी 134 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में सातवें स्थान पर रही।

टेस्ट क्रिकेट के भविष्य को लेकर थोड़ा चिंतित हूं : स्मिथ

हां, मैं थोड़ा चिंतित हूं। लेकिन उम्मीद करता हूं कि टेस्ट क्रिकेट चलता रहेगा। मुझे लगता है कि यह अभी अच्छी स्थिति में है।'' हाल में हमने कुछ शानदार मुकाबले देखे हैं, इसलिए मुझे लगता है कि एक परंपरावादी के रूप में जिसे टेस्ट क्रिकेट पसंद है, मैं उम्मीद करता हूं कि यह सभी बोर्ड के लिए शीर्ष पर रहेगा और आगामी समय में आगे बढ़ता रहेगा।

लंदन, 5 जून। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बुधवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले पांच दिवसीय मुकाबलों के भविष्य को लेकर सोमवार को चिंता जताई। दुनिया भर में बढ़ते फ्रेंचाइजी क्रिकेट ने अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों पर दबाव डाला है। छोटे देशों को भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे देशों के खिलाफ पर्याप्त टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिल रहा है। स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े मुकाबले डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले पांच दिवसीय प्रारूप के अनिश्चित भविष्य पर बात की।

स्मिथ ने भारत के खिलाफ खिताबी मुकाबले से पहले कहा, ''हां, मैं थोड़ा चिंतित हूं। लेकिन उम्मीद करता हूं कि टेस्ट क्रिकेट चलता रहेगा। मुझे लगता है कि यह अभी अच्छी स्थिति में है।'' उन्होंने कहा, ''हाल में हमने कुछ शानदार मुकाबले देखे हैं, इसलिए मुझे लगता है कि एक परंपरावादी के रूप में जिसे टेस्ट क्रिकेट पसंद है, मैं उम्मीद करता हूं कि यह सभी बोर्ड के लिए शीर्ष पर रहेगा और आगामी समय में आगे बढ़ता रहेगा।''

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सोमवार को यहां पहले लंबे ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लया और पर्याप्त संकेत मिले कि चोटिल जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को खेलने का मौका मिलेगा। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन मिशेल स्टार्क और कप्तान पैट कमिंस के अलावा तेज गेंदबाजी में चौथा विकल्प होंगे। लंदन में पिछले हफ्ते गर्म मौसम था लेकिन सोमवार को मौसम ठंडा था और आसमान में बादल छाए रहे। डब्ल्यूटीसी फाइनल के बारे में स्मिथ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय गेंदबाजी आक्रमण कड़ी चुनौती पेश करेगा। कुछ समय पहले भारत में हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया की तैयारी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के इर्द-गिर्द घूम रही थी लेकिन अब उन्हें मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों से भी निपटना होगा।

स्मिथ ने कहा, ''मुझे लगता है कि उनके पास स्तरीय तेज गेंदबाजों का अच्छा मिश्रण है। शमी और सिराज संभवत: उनके दो मुख्य तेज गेंदबाज है जिनके पास शानदार कौशल है और मुझे लगता है कि ड्यूक गेंद उनके अनुकूल होंगी।'' उन्होंने कहा, ''और बेशक उनके स्पिनर भी चुनौती पेश करेंगे जो हर हालात में काफी अच्छी गेंदबाजी करते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उनका आक्रमण अच्छा है।''

यह पहली बार है जब द ओवल में जून में टेस्ट मैच का आयोजन हो रहा है जबकि यहां 1880 से टेस्ट मैच का आयोजन हो रहा है। सोमवार को पिच पर घास नजर आ रही थी लेकिन उम्मीद है कि टेस्ट मैच शुरू होने से पहले इसे काट दिया जाएगा।

स्मिथ ने कहा, ''मैंने अब तक विकेट नहीं देखा है इसलिए मैं संभवत: इस बारे में अधिक कुछ नहीं कह सकता लेकिन आपने सही कहा, गर्मियों में आम तौर पर यह थोड़ा सूखा होता है। स्पिन गेंदबाजों को कुछ मदद मिल सकती है, विशेषकर खेल आगे बढ़ने के साथ। इसलिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि पिच कैसी नजर आती है।''

स्मिथ ने हेजलवुड की जगह लेने के लिए बोलैंड का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इन हालात में स्कॉटी (बोलैंड) काफी अच्छा है। वह अच्छी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करता है, स्टंप पर गेंद डालता है, गेंद को मूव कराता है और अगर जरूरी हो तो गेंद को स्विंग भी करा सकता है। उसमें कौशल है और इसमें कोई संदेह नहीं कि उसे मौका मिलता है तो उसका सामना करना चुनौती होगी।''

अफगानिस्तान टेस्ट में लिटन करेंगे बंगलादेश की कप्तानी

मीरपुर, 5 जून। बंगलादेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ 14 जून से होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिये लिटन दास की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बताया कि अफगानिस्तान इस मैच के लिये 10 जून को बंगलादेश पहुंचेगी और पांच-दिवसीय मैच मीरपुर के शेर-ए-बंगला स्टेडियम में खेला जायेगा। विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन चार एकदिवसीय मैचों में बंगलादेश की कप्तानी कर चुके हैं, हालांकि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में वह पहली बार टीम की कमान संभालेंगे।

बंगलादेश के पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान शाकिब अल हसन की उंगली आयरलैंड के विरुद्ध हुई हालिया टेस्ट सीरीज में चोटग्रस्त हो गयी थी, जिसके कारण वह करीब छह हफ्ते तक क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद साइड स्ट्रेन (पस्लियों के नीचे की मांसपेशियों में दर्द) ठीक होने के बाद टीम में लौट रहे हैं, जबकि युवा बल्लेबाज शहादत हुसैन और गेंदबाज मुश्फिक हसन को भी टीम में शामिल किया गया है। दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अभी तक बंगलादेश के लिये पदार्पण नहीं किया है।

बंगलादेश टीम : लिटन दास (कप्तान), तमीम इकबाल, जाकिर हसन, नजमुल हुसैन शांतो, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, सैयद खालिद अहमद, एबादत हुसैन, तस्किन अहमद, शोरिफुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, शहादत हुसैन, मुश्फिक हसन।

फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में हद्दाद मैया ने रचा इतिहास

हद्दाद मैया इस जीत के साथ 55 साल में फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्राज़ीलियन महिला बन गयी

पेरिस, 5 जून। ब्राज़ील की बीट्रिज़ हद्दाद मैया ने सोमवार को स्पेन की सारा सोरिबेस टोर्मो पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन 2023 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। हद्दाद मैया ने कोर्ट सुज़ेन लेंगलेन पर तीन घंटे 51 मिनट चले 2023 के सबसे लंबे महिला एकल मुकाबले में सारा को 6-7(3), 6-3, 7-5 से मात दी।

हद्दाद मैया इस जीत के साथ 55 साल में फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्राज़ीलियन महिला बन गयीं। उनसे पहले ब्राज़ील की मारिया बुएनो ने 1968 में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के क्वार्टरफाइनल तक सफर करने के साथ-साथ अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा किसी ब्राज़ीलियन महिला ने एक ग्रैंड स्लैम आयोजन का क्वार्टरफाइनल नहीं खेला है। हद्दाद मैया ने इस जीत के बाद कहा, सबसे पहले मैं उन लोगों को धन्यवाद देना चाहूंगी जो मैच देखने आये और इसका आनंद लिया। विशेष तौर पर ब्राज़ीलियन लोगों को मेरा धन्यवाद। मेरे खयाल से हम दोनों की भावनाएं इस मैच से जुड़ी हुई थीं। जब हम बड़े खिलाड़ियों के खिलाफ बड़े आयोजनों में खेलते हैं तो यह आसान नहीं होता। हम करीब चार घंटे तक एक दूसरे के खिलाफ खेले। मैं खुश हूं कि मैंने हार नहीं मानी और अपनी पूरी कोशिश की। मुझे लगता है कि मैं इसके कारण इस जीत की हकदार हूं।

क्वार्टरफाइनल में हद्दाद मैया का सामना ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर से होगा, जो प्री-क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की बर्नांडा पेरा को 6-3, 6-1 से हराकर आ रही हैं। सातवीं सीड जब्योर ने एकतरफा मुकाबले में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंदी को पस्त करने में सिर्फ 63 मिनट का समय लिया।

गत चैम्पियन सिंधू, फॉर्म में चल रहे प्रणय की नजरें सिंगापुर ओपन में अच्छे प्रदर्शन पर

सिंगापुर, 5 जून। गत चैम्पियन पी वी सिंधू थाईलैंड में खराब प्रदर्शन के बाद यहां मंगलवार से शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिये वापसी की कोशिश करेंगी जबकि फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय जीत की लय कायम रखना चाहेंगे। पिछले साल अगस्त में टखने की चोट का शिकार हुई सिंधू के लिये हालात समान नहीं रहे हैं। वह धीरे धीरे लय में लौट रही हैं और मैड्रिड में स्पेन मास्टर्स में फाइनल तथा मलेशिया मास्टर्स में सेमीफाइनल तक पहुंची। थाईलैंड ओपन में हालांकि वह पहले दौर में बाहर हो गई। अब यहां उनका सामना पहले ही दौर में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची से होगा। सिंधू का उसके खिलाफ कैरियर रिकॉर्ड 14 . 9 का है लेकिन पिछले साल थाईलैंड ओपन में दोनों की टक्कर के बाद काफी कुछ बदल गया है। उन्हें अब इस जापानी प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

ओवल पर दो स्पिनरों के साथ उतरे भारत : मोंटी पनेसर

लंदन, 5 जून। इंग्लैंड के पूर्व स्पिन गेंदबाज मोंटी पनेसर का मानना है कि ओवल पर जून में मैच होने के बावजूद भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा दोनों स्पिनरों को लेकर उतरना चाहिये। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात से 11 जून तक ओवल पर खेला जायेगा। टेस्ट मैच के 140 साल के इतिहास में पहली बार ओवल पर जून में टेस्ट मैच खेला जा रहा है जब पिच हरी भरी और ताजा होगी। आम तौर पर यहां दौरा करने वाली टीम श्रृंखला का आखिरी मैच ओवल पर खेलती है जो अगस्त या सितंबर में पड़ता है जब पिच सूखी होती है और स्पिनरों की मदद करती है।

पनेसर ने कहा यह ऐसी पिच है जिस पर आप दो स्पिनरों के साथ उतरना चाहेंगे। गेंद टर्न लेती है तो स्पिनरों को भी उछाल मिलेगी। मेरा मानना है कि विकेट सपाट होगी और ऐसे में दो स्पिन